संख्या:44/2023/1522ई-2/तेरह-2023-221673

प्रेषक,

उमेश कुमार तिवारी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 06 नवम्बर, 2023

विषय:- मेसर्स बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि., खम्भारखेड़ा आसवनी, लखीमपुर खीरी द्वारा केन जूस/ शुगर सीरप से एथनॉल उत्पादन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या: जी-107/ दो-प्रा.डी.-85/खम्भारखेड़ा आसवनी, दिनांक 01-11-2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 01-11-2023 में आप द्वारा की गयी संस्तुति पर सम्यक विचारोपरान्त राज्य के राजस्व एवं औद्योगिक हित तथा निवेश एवं रोजगार संवर्धन के दृष्टिगत मे. बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि., खम्भारखेडा आसवनी, लखीमपुर खीरी को शीरे के अतिरिक्त केन जूस/सीरप से एथनॉल का उत्पादन किये जाने की अनुमति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जाती है कि आसवक द्वारा उत्पादन करते समय निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा:-

(1) प्रदेश में गन्ने के रस एवं शुगर सीरप से एथनॉल का उत्पादन किये जाने हेतु शासनादेश दिनांक 23-02-2021 में उल्लिखित शर्तें।

(2) उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से केन जूस/शुगर सीरप से एथनॉल निर्माण किये जाने हेतु निर्गत कन्सेन्ट टू आपरेट दिनांक 19-12-2022 में उल्लिखित शर्तें।

(3) आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उत्तर प्रदेश की अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 11-10-2023 में उल्लिखित शर्तें।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(4) आसवनी द्वारा अल्कोहल उत्पादन करते समय 'भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस) एवं गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज (जी.एम.पी.) द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

कृपया तद्नुसार अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(**उमेश कुमार तिवारी**)
संयुक्त सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।